योजना | तीनो प्राधिकरणों के अधिकारियों ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के सामने रखा 2041 का प्रस्तावित मास्टर प्लान

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा एक दूसरे से जोड़े जाएंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना तीनों क्षेत्रों को एक-दूसरे से जोड़ते हुए कनेक्टिविटी को इंटीग्रेट किया जाएगा। इसका प्रावधान ग्रेटर नोएडा के मास्टर प्लान 2041 में किया गया है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने इस पर सहमति जताते हुए कहा है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनने को अग्रसर हैं।

लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नन्दी।

■ **नन्दी ने प्रस्तावित मास्टर प्लान की समीक्षा की**

नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को यहां नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के प्रस्तावित मास्टर प्लान 2041 की समीक्षा की। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कहा कि मास्टर प्लान में वर्क प्लेस और लिविंग प्लेस को एक ही स्थान पर रखने की योजना बनाई गई है। ताकि लोगों को नौकरी के लिए बहुत ज्यादा भागना न पड़े। मिक्सडयूज डेवलपमेंट को मास्टर प्लान में शामिल किया गया है। ताकि जेवर के आस-पास के जनपदों अलीगढ़, खुर्जा, मेरठ, गाजियाबाद से आने वाले लोगों को एक ही स्थान पर होटल, रेस्टोरेंट व कार्य क्षेत्र की सुविधा मिले। एयरपोर्ट के चारों तरफ एयरो सिटी की योजना प्रस्तावित है।

सिंगल विंडो सिस्टम के सुधार के लिए एक्ट बनेगा : नन्दी

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा है कि सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारी भूमि अधिग्रहण के साथ ही अन्य माध्यमों पर भी ध्यान दें। सिंगल विंडो सिस्टम के सुधार के लिए एक्ट बनाया जाए। इससे निवेशकों को हो रही दिक्कतों का जल्द से जल्द निवारण हो सकेगा। नन्दी ने शनिवार को बैठक में भूमि उपलब्धता एवं आवंटन, बुनियादी ढांचा विषयों पर चर्चा की।